तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 15 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, सोमवार 16 फरवरी 2026

11 महाशिवरात्रि पर कर्णेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



12 महाशिवरात्रि पर शहर हुआ शिवमय, जलाभिषेक...





## खबर संक्षेप

### बोड़रा (स) में 17 से कबीर सत्संग समारोह

**धमतरी।** कबीर सत्संग समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा ग्राम बोड़रा (स) में 17 एवं 18 फरवरी को कबीर सत्संग समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में सद्गुरू अभिलाष साहेब, सद्गुरु कबीर साहेब की वाणी पर आधारित सत्संग का आयोजन होगा। इस अवसर पर साध्वी ज्योति साहेब सुढालिया जिला राजगढ़ (मप्र) अपनी संत मंडली के साथ उपस्थित रहेंगी। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से 1:30 बजे तक तथा संध्या 3:30 बजे से 5:30 बजे तक होगा। कार्यक्रम की तैयारी में समिति के हंसराज साहू (अध्यक्ष), खारेराम साहू, धनंजय लाल साहू, हरिओम साहू, थानसिंह साहू, रोहित कुमार साहू, उत्तम राम साहू (कोषाध्यक्ष), चम्पालाल साहू (सचिव), दीपक कुमार गुप्ता, ललित कुमार साहू, यशकुमार साहू एवं प्रहलाद साहू जुटे हैं।

### सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, दूसरा घायल

**धमतरी।** सड़क दुर्घटना में फिर एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है। दुर्घटना के बाद कार चालक फरारर हो गया है। वरदान परमार्थ सेवा संस्था की एंबुलेंस से दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। घायल का इलाज जारी है। घटना कुरमातराई के पास की है। कोसमर्रा निवासी दुलेश और हेमलाल अपने निजी कार्य से धमतरी आए हुए थे। काम निबटाने के बाद रात में दोनों एक बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान कुरमातराई के पास एक कार ने उनकी बाइक को पीछे से ठोकर मार दी, जिससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस की मदद से दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां दुलेश की इलाज के दौरान मौत हो गई। हेमलाल का उपचार जारी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### मवेशी और जगह-जगह खड़ी गाड़ियों से दुर्घटना का खतरा

# खतरों से भरा है बाईपास रोड से सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लोगों को सुविधा देने के लिए बना बाईपास रोड अब जानलेवा हो गया है। इस मार्ग पर गाड़ियां 100 से अधिक की रफ्तार पर दौड़ती हैं। सुरक्षा के प्रबंध नहीं होने के कारण आए दिन यहां दुर्घटनाएं होती रहती हैं। शनिवार की दुर्घटना में तीन जवानों की मौत ने यहां पर सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है।

बाईपास रोड में सफर खतरे से खाली नहीं है। आसपास खेत खलिहान और हरियाली होने के कारण यहां पर बड़ी संख्या में आवारा मवेशी और पालतू मवेशी विचरण करते रहते हैं जिनकी चपेट में आकर कई लोग घायल हो चुके हैं। इस मार्ग में मवेशियों के नियंत्रण के लिए कोई उपाय नहीं किया गया। दुर्घटना का दूसरा सबसे बड़ा कारण यहां पर रफ्तार से चलने वाली गाड़ियां हैं। बिना ब्रेकर के खुली सड़क मिलने से गाड़ियां यहां तेज रफ्तार से चलती हैं। उपर से जगह-जगह यहां पर मवेशियों का जमावड़ा रहता है। इससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। करीब 11 किमी लंबी इस सड़क में रोज एक न एक दुर्घटना हो रही है। कभी छोटी तो कभी बड़ी। इस दुर्घटना में लोग घायल भी हो रहे हैं। स्थिति को देखते हुए लोगों ने इस मार्ग पर दुर्घटना नियंत्रण के उपाय करने के साथ मवेशियों के नियंत्रण की मांग की है।



#### चौबीसों घंटे खड़ी रहती हैं गाड़ियां

बाईपास रोड में खपरी मोड़ डेंजर जोन बन चुका है। यहां पर कई दुकानें खुल चुकी हैं, जिसके चलते वाहन चालक यहां पर नाश्ता, चाय के लिए रूकते हैं। शिकायत है कि यहां पर नशे की पुड़िया भी मिलती है, जिसके चलते यहां पर चौबीसों घंटे गाड़ियां खड़ी रहती हैं। शाम और सुबह के वक्त गाड़ियों की संख्या बढ़ जाती है। शहर में नो एंट्री होने के कारण यहीं पर वाहन चालक नो एंट्री खुलने का इंतजार करते हैं।

#### चोरों से परेशान एनएचएआई

बाईपास मार्ग में तेलीनसत्ती ओव्हरब्रिज, खपरी ओव्हरब्रिज और मुजगहन ओव्हरब्रिज दुर्घटना के नाम पर काफी संवेदनशील है। ब्रिज के नीचे गुजरने पर साइड से आ रही गाड़ियां नजर नहीं आती हैं और लोग दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। इन स्थानों पर आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। इन दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने बड़े बड़े मिरर लगाए थे। हर बार चोर इस मिरर को ही उखाड़ कर ले जाते हैं। चोरी की यह घटना कई बार हो चुकी है। इस समस्या के चलते बाईपास ओव्हरब्रिज के नीचे भी दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

#### भखारा रोड में बढ़ा दबाव

रायपुर रोड में टोल नाका होने के कारण वाहन चालक भखारा रोड की ओर डायवर्ट हो गए हैं। इस मार्ग से रायपुर तक दूरी कम होने के कारण भी इस मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया है। अब तो बड़ी-बड़ी गाड़ियां भी इसी मार्ग से रायपुर जा रही हैं। इस मार्ग का निर्माण इतना हैवी ट्रैफिक झेलने के लिए नहीं बना है। इस कारण समय से पहले रोड खराब हो रहा है। यही नहीं इस मार्ग पर दुर्घटनाएं भी बढ़ गई हैं। लोगों के विरोध के बाद तेलीनसत्ती सहित कुछ स्थानों पर ब्रेकर बनाए गए हैं। इसके बाद भी दुर्घटनाएं हो रही हैं।

# नगर निगम ने 12 आवारा पशु पकड़े



- कलेक्ट्रेट मोड़ से अंबेडकर चौक होते हुए अर्जुनी चौक तक चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम ने आवारा पशुओं के खिलाफ सख्त अभियान तेज कर दिया है। चलाए गए विशेष धरपकड़ अभियान में 12 मवेशियों को पकड़ा।

निगम की टीम ने कलेक्ट्रेट मोड़ से अंबेडकर चौक होते हुए अर्जुनी चौक तक सघन कार्रवाई की। मुख्य मार्गों और व्यस्त चौक-चौराहों पर सड़क पर विचरण कर रहे मवेशियों को पकड़कर सुरक्षित रूप से अर्जुनी गौठान भेजा गया। कार्रवाई के दौरान यातायात प्रभावित न हो, इसका भी विशेष ध्यान रखा गया।

निगम अधिकारियों ने बताया कि सड़कों पर आवारा पशुओं की मौजूदगी से दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। कई बार वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाना पड़ता है, जिससे हादसे की आशंका बढ़ जाती है। इसी को देखते हुए नियमित अंतराल पर धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है।

नगर निगम ने पशुपालकों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि वे अपने मवेशियों को खुला न छोड़ें। यदि पशु दोबारा सड़क पर पाए जाते हैं तो संबंधित पशुपालकों के खिलाफ नियमानुसार जुर्माना और अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। निगम प्रशासन ने नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि शहर को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने में सभी की भागीदारी आवश्यक है।

# वार्ड स्तरीय शिविर में हितग्राहियों के दस्तावेज हुए अपडेट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड एवं बठेना में शिविर लगाकर पेंशनधारियों का बैंक खाता, आधार कार्ड, मोबाइल नम्बर अपडेट किया गया। यह शिविर लगातार जारी है। हर वार्ड के हितग्राहियों के लिए शिविर लगाया जाएगा।

छोटी-छोटी समस्याओं के चलते सामाजिक सुरक्षा, वृद्धावस्था, सुखद सहारा, विधवा, दिव्यांग पेंशन के कई हितग्राहियों तक पेंशन नहीं पहुंच पा रही है। किसी के खाता नम्बर में त्रुटि है तो किसी के आधार कार्ड में। मोबाइल नम्बर अपडेट नहीं होने पर भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं को देखते हुए नगर निगम द्वारा शहर के सभी 40 वार्ड के पेंशनधारियों के लिए शिविर का आयोजन किया रहा है। इसी के तहत शनिवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड एवं बठेना वार्ड में शिविर लगाकर हितग्राहियों के दस्तावेज अपडेट किए गए।



# छात्रों को डिजिटल पहचान देने का काम अधूरा

- साढ़े 9 हजार छात्रों की नहीं बन पाई है अपार आईडी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छात्रों को डिजिटल पहचाने देने का काम आज तक कम्पलीट नहीं हो पाया है। अभी भी 9 हजार 544 छात्रों की अपार आईडी नहीं बनी है। अब हर छात्र की अपार आईडी बनाने के लिए शासन की ओर अधिकारियों पर दबाव बढ़ा दिया गया है। हर माह छात्रों की अपार आईडी बनाने की गति की समीक्षा की जा रही है।

हर छात्र को डिजिटल पहचान देने और उनकी शिक्षा को लेकर सतत मॉनिटरिंग के लिए हर छात्र का ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री यानी अपार आईडी बनाई जा रही है। पूरे भारत में स्टूडेंट्स के लिए यह एक सेंट्रल डिजिटल प्लेटफार्म रूप में तैयार किया जा रहा है। वन नेशन वन स्टूडेंट आईडी के नाम से भी जाना जाता है। इसके तहत हर छात्र को यूनिक आईडी नम्बर दिया जाता है, जो उसकी पढ़ाई शुरू करने से पढ़ाई समाप्त करने तक नहीं बदलेगा। सीधे शब्दों में जाने तो कक्षा पहली से लेकर उच्चस्तर की पढ़ाई तक यह आईडी एक जैसी ही रहेगी। यह सिस्टम छात्रों का रिकॉर्ड रखने के तरीके को आसान बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। विडंबना यह है कि पिछले तीन साल से विभागीय अधिकारी इसमें जुटे हुए हैं, लेकिन अब तक तकनीकी समस्याओं के चलते काम कम्पलीट नहीं हो पाया है।





#### इसलिए आ रही समस्या

अपार आईडी बनाने के लिए सबसे प्रमुख दस्तावेज आधार कार्ड है। जिन छात्रों की अपार आईडी नहीं बनी है, उनमें से ज्यादातर मामले में छात्रों का आधार कार्ड मैच नहीं होना है। वहीं कई छात्र तो आधार कार्ड ही नहीं दे रहे हैं। आधार में नाम, जन्मतिथि में गड़बड़ी, आधार में मोबाइल नम्बर लिंक नहीं होने के कारण भी आईडी नहीं बन पा रही है।

#### प्रदेश में सातवें नम्बर पर धमतरी

अपार आईडी बनाने में धमतरी पूरे प्रदेश में सातवें नम्बर पर है। सबसे पहले नम्बर पर बेमेतरा जिला है, जहां पर 96.54 प्रतिशत छात्रों की अपार आईडी बन चुकी है। धमतरी में 1 लाख 51 हजार 253 छात्र हैं, जिसमें से 1 लाख 41 हजार709 छात्रों की अपार आईडी बन चुकी है। 9 हजार 544 छात्रों की अपार आईडी नहीं बनी है।

# गुहाननाला में धर्मांतरित परिवार की हुई घर वापसी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

जिले के वनांचल क्षेत्र नगरी तहसील के ग्राम गुहाननाला में पिछले कुछ दिनों से जारी धर्मांतरण विवाद का अंत सामूहिक घर वापसी के साथ हुआ। यह विवाद 3 फरवरी को शुरू हुआ था, जब दूसरा धर्म अपना चुकी एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला का निधन हो गया।

परिजनों ने महिला के निधन की जानकारी ग्रामीणों को दिए बिना शव को घर के पास कुछ दूरी पर ही दफना दिया था। कुछ दिनों बाद जब ग्रामीणों को इसकी भनक लगी, तो उन्होंने गांव की परंपराओं के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का तर्क था कि धर्मांतरित व्यक्ति को गांव की जमीन पर दफनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। शनिवार को रात्रि में तनाव बढ़ता देख दुगली, केरेगांव और नगरी से भारी पुलिस बल और सीआरपीएफ के जवान तैनात किए गए। मौके पर एसडीएम और तहसीलदार भी पहुंचे।



सहमति के बाद मृत महिला का हिंदू रीति-रिवाज से हुआ अंतिम संस्कार

सामाजिक दबाव और प्रशासनिक समझाइश के बाद एक परिवार के करीब 30 सदस्यों ने स्वेच्छा से पुनः अपने मूल समाज और धर्म में लौटने का निर्णय लिया। परिवार ने स्वीकार किया कि वे पूर्व में बहकावे में आकर दूसरे धर्म की सभाओं में जाने लगे थे। शुद्धिकरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मृत महिला के शव को कब्र से निकालकर पूरे हिंदू विधि-विधान और आदिवासी सामाजिक रीति-रिवाजों के साथ गांव के श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। ज्ञात हो कि आए दिन नगरी विकासखंड के वनांचल गावों में धर्मांतरण एक संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है। अक्सर धर्मांतरित परिवारों को गांव की परंपराओं और उत्सवों से अलग कर दिया जाता है, जिससे मौत जैसे समय पर शव दफनाने को लेकर विवाद की स्थिति बनती है।

### आवास और मनरेगा राशि दिलाने की मांग

**धमतरी।** आवास निर्माण पूर्ण के तीन माह बाद भी अंतिम किस्त तथा मनरेगा राशि नहीं मिलने से एक विधवा आर्थिक संकट से जूझ रही है। महिला ने कलेक्टर से आवास तथा मनरेगा राशि का भुगतान शीघ्र कराने की गुहार लगाई है।

धमतरी ब्लाक के ग्राम बंजारी निवासी भागबतीबाई पति स्व. आजूराम सतनामी ने कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि उसके नाम से प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति मिली है। आवास की दो किस्त 95 हजार रूपये प्राप्त हुई है। उसका मकान पूर्ण हो चुका है। विगत तीन माह से उसे आखिरी किस्त प्राप्त नहीं हुई है। इसी तरह 90 दिन की मनरेगा राशि 23490 रूपये भी नहीं मिली है। संबंधित विभाग में राशि की मांग करने पर वर्क पूरा नहीं होना बताया जाता है। उन्होंने कहा है कि उसने कर्ज लेकर मकान बनाया है। कर्ज देने वाले लगातार तंग कर रहे हैं। वह आर्थिक संकट से जूझ रही हैं। भागबती ने आवास तथा मनरेगा राशि के शीघ्र भुगतान की मांग की है।


# टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों की गणना

## ट्रैप कैमरे में कैद तेंदुए, हाथी, कबरबिज्जू की फोटो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में वन्य जीवों की गणना जारी है। ट्रैप कैमरे तथा अन्य विधियों से की जा रही गणना में विभिन्न शाकाहारी एवं मांसाहारी जानवरों की पहचान की जा रही है। इसी कड़ी में टाइगर रिजर्व के ट्रैप कैमरे में कैद हुए वन्य जीवों की फोटो वन विभाग ने सोशल मीडिया पर शेयर की है।

वन्य जीवों की संख्या, प्रजातियां और उनकी आबादी के रुझान का पता लगाने यूएसटीआर में 3 जनवरी से वन्य जीवों की गणना जारी है। यह गणना 31 मार्च तक चलेगी। जंगली जानवरों की गिनती एक व्यवस्थित वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जो वाइल्ड लाइफ के अनुसार संरक्षण प्रयासों के लिए महत्वपूर्ण है। इसमें प्रत्यक्ष अवलोकन, पग चिन्ह, वाटर होल सर्वे और आधुनिक ट्रैप कैमरा तकनीकों का उपयोग किया जाता है। वन्य जीव गणना का मुख्य उद्देश्य जनसंख्या के रूझान को समझना और संरक्षण के लिए डेटा प्रदान करना है।







#### टाइगर रिजर्व में 280 ट्रैप कैमरे

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में 3 जनवरी से गणना शुरु हो गई है, जो 31 मार्च तक जारी रहेगी। यूएसटीआर के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि वन्य जीवों की गणना के दौरान ट्रैप कैमरे में तेंदुए, कबरबिज्जू, कोटरी, गौर, सोनकुत्ता, लकड़बग्घा, हिरण सहित कई जानवरों की तस्वीर कैद हुई है। इसके अलावा प्रत्यक्ष विधि के तहत जानवरों को सीधे देखकर गिना जाना, पगचिन्ह विधि से बाघों की पहचान के लिए उनके पंजों के निशान का विश्लेषण, वाटर होल सर्वे के तहत पूर्णमासी की रात को जलस्त्रोतों पर 24 घंटे बैठकर वन्य जीवों का आकलन करना, ट्रांसेक्ट विधि से वन के एक निश्चित रास्ते में चलकर देखे गए जानवरों की संख्या गिनना। यह प्रक्रिया वन्य जीवों के संरक्षण, उनके खतरों और आवास प्रबंधन की प्रभावशीलता को समझने में सहायक है।

#### वन्य जीवों की गणना एक सप्ताह हुई

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार धमतरी सामान्य वन मंडल में वन्य जीवों की गणना एक सप्ताह हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के जंगल में वन्य प्राणियों की गणना जनवरी के प्रथम सप्ताह में की गई है। प्रत्यक्ष विधि, पगचिन्ह विधि, वाटर होल सर्वे, ट्रांसेक्ट विधि के तहत गणना की गई। शाकाहारी एवं मांसाहारी प्राणियों की गणना की गई है जिसमें तेंदुए, भालू, हिरण, नीलगाय, चीतल, कोटरी, सांभर आदि जंगली जानवर पाए गए हैं।

### इतवारी बाजार अपडेट : टमाटर 8, भटा, कद्दू, पत्तागोभी 20, लौकी 10 रुपये किलो

# सब्जियों के दाम गिरे, गृहणियों के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मौसम में बदलाव के साथ ही शहरवासियों को बड़ी राहत मिली है। स्थानीय सब्जी बाजारों में मौसमी हरी सब्जियों के दाम में भारी गिरावट दर्ज की गई है, जिससे गृहणियों के चेहरे खिल उठे हैं। टमाटर, आलू, प्याज, भिंडी, बैंगन सहित अधिकांश सब्जियां अब सस्ते दाम पर उपलब्ध हैं।

सब्जी विक्रेता गणेशिया पटेल, अनीता पटेल के अनुसार जो टमाटर पहले 20 से 30 रुपये किलो बिक रहा था, वह अब 8 से 10 रुपये किलो में मिल रहा है। कई जगह 50 रुपये में 7 किलो टमाटर की बिक्री भी की जा रही है। भटा 20 रुपये, कद्दू 20 रुपये, पत्तागोभी 20 रुपये, फूलगोभी 25 रुपये, लौकी 10 से 20 रुपये, नवलगोल 20 रुपये, गाजर 20 रुपये और मूली 10 रुपये किलो बिक रही है। हरी मिर्च 30 से 50 रुपये, धनिया 40 रुपये और अदरक 60 रुपये किलो उपलब्ध है।



व्यापारियों के अनुसार आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से सब्जियों की आवक बढ़ने और मौसम अनुकूल रहने के कारण कीमत में गिरावट आई है। दो सप्ताह पहले जिन सब्जियों के दाम ऊंचाई पर थे, अब वे सामान्य स्तर पर आ गए हैं। इससे उपभोक्ता अब जरूरत के अनुसार खुलकर खरीदारी कर रहे हैं। बाजारों में ग्राहकों की भीड़ भी बढ़ी है और बिक्री में इजाफा हुआ है।

किराना बाजार में भी कुछ राहत देखने को मिल रही है। आलू 20 रुपये, प्याज 25 रुपये, शक्कर 43 रुपये, गुड़ 55 रुपये, अरहर दाल 120 रुपये, चना दाल 85 रुपये, पोहा 50 रुपये, मसूर 75 रुपये किलो बिक रहा है। अंडा 70 रुपये दर्जन उपलब्ध है।

व्यापारियों का कहना है कि यदि मौसम अनुकूल रहा तो आने वाले दिनों में दाम में और गिरावट संभव है। फिलहाल सस्ती सब्जियों ने आम लोगों के मासिक बजट को संतुलित करने में राहत दी है और रसोई में खुशियों की बहार ला दी है।

## खबर संक्षेप

### 43 रासेयो छात्रों ने उत्तीर्ण की ए प्रमाण-पत्र परीक्षा

**धमतरी।** राष्ट्रीय सेवा योजना ए प्रमाण-पत्र हेतु शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली में परीक्षा का आयोजन किया गया। 43 स्वयंसेवकों ने लिखित परीक्षा व वाइवा दिलाया। बाह्य परीक्षक के रूप में शेषनारायण गजेंद्र रासेयो कार्यक्रम अधिकारी खरेंगा उपस्थित थे। छात्र-छात्राओं को बताया कि एनएसएस से चारित्रिक व नैतिक विकास होता है। प्राचार्य एलके उपाध्याय ने कहा कि सुनागरिक बनने व सेवा कार्य की सीढ़ी राष्ट्रीय सेवा योजना है। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गणेश प्रसाद साहू ने बताया कि स्वयंसेवकों ने 2 वर्ष में मतदाता जागरूकता, पौधारोपण, नशा मुक्ति, सफाई अभियान, पोषण कार्यक्रम, तिरंगा रैली, खेलकूद, गोद ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाया तथा सात दिवसीय विशेष शिविर में भाग लिया। रासेयो ए प्रमाण-पत्र प्राप्त होने पर उन्हें भविष्य में बोनस अंक की पात्रता होगी। स्वयंसेवकों ओमेश, भूपेश, ओसी, उमा, उपासना ने अपना अनुभव शेयर किया। आभार प्रदर्शन डॉ. मंजूषा साहू ने किया।

कार्यशाला में जैव विविधता संरक्षण एवं अग्निसुरक्षा पर दिया गया जोर

# सूक्ष्म जीवों, जैव विविधता की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी





वन परिक्षेत्र बिरगुड़ी अंतर्गत ग्राम गट्टासिल्ली परिसर में उप वनमंडल स्तरीय जैव विविधता संरक्षण एवं अग्नि सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वन विभाग एवं अर्थ रिट्रीट फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। इस दौरान सभापति अजय परिक्षेत्र अधिकारी सुरेन्द्र कुमार, गट्टासिल्ली सरपंच, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, वन प्रबंधन समिति के अध्यक्षगण, फायर वाचर एवं सुरक्षा श्रमिक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यशाला के दौरान घने जंगलों में निवास करने वाले वनवासियों से अपील की गई कि वे वनों के संरक्षण, अग्नि सुरक्षा तथा आंखों से दिखाई न देने वाले सूक्ष्म जीवों सहित जैव विविधता की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं।

संस्था की संस्थापक अनुभा द्विवेदी ने कहा कि आसपास पाए जाने वाले विभिन्न प्रजातियों के वृक्षों से मूल्यवर्धित उत्पाद तैयार कर आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाया जा सकता है। आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में वन ग्रामों की महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है और उन्हें आगे आकर स्वरोजगार से जुड़ना चाहिए। उन्होंने जैव विविधता के महत्व, बीएमसी के सशक्तिकरण एवं सतत जन-जागरूकता अभियान की आवश्यकता पर विशेष प्रकाश डाला।

कार्यक्रम अंतर्गत स्कूली विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।वन एवं जैव विविधता विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में कक्षा छठवीं की छात्रा सोनाली को उत्कृष्ट चित्र प्रस्तुति के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया।

संस्था के सहसंस्थापक सिद्धार्थ द्विवेदी एवं स्वयंसेवकों ने प्लास्टिक मुक्त छत्तीसगढ़ का संदेश देते हुए बताया कि संस्था स्वयं किसी भी प्रकार के प्लास्टिक का उपयोग नहीं करती। कार्यक्रम में स्टील की बोतल उपयोग करने वाली छात्रा को प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित किया गया। विषय विशेषज्ञ शेफाली यादव ने जैव विविधता संरक्षण की जानकारी देते हुए जंगलों में सतर्कता बरतने एवं किसी भी वन्यजीव गतिविधि की तत्काल सूचना विभाग को देने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण के संदेश को सशक्त बनाने के लिए पौधरोपण भी किया गया। अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने पौधारोपण कर वन संरक्षण का संकल्प लिया।

परिक्षेत्र अधिकारी सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में संपन्न इस कार्यक्रम में ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रही। इस आयोजन ने वन संरक्षण, अग्नि सुरक्षा एवं जैव विविधता के प्रति जनजागरूकता को नई दिशा प्रदान की।

## संवेदना सहायता समिति ने पेश की मानवता की मिसाल

■ बीमार बालिका के इलाज के लिए दी 20 हजार की सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद





छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन की इकाई संवेदना सहायता समिति कुरूद ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए एक बीमार बालिका की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। रायपुर के नारायणा एमएमआई अस्पताल में भर्ती बालिका ईशा सिंह ठाकुर के उपचार हेतु समिति द्वारा 20,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। यह राशि समिति के अध्यक्ष लीलेश्वर ग्वाल और सचिव लच्छीराम साहू की उपस्थिति में बालिका की मां श्रीमती संजना सिंह ठाकुर को भेंट की गई। ब्लॉक अध्यक्ष लुकेशराम साहू ने बताया कि समिति का गठन मुख्य रूप से शिक्षकों और उनके परिजनों को आकस्मिक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है। यह वरिष्ठ सदस्यों की दूरगामी सोच का परिणाम है, जिससे संकट की घड़ी में साथियों को संबल मिल रहा है। समिति में किसी सदस्य के असामयिक निधन पर उनके परिवार को 40,000 रुपये की सहायता देने का भी प्रावधान है। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य शिवेंद्र सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष हरिशंकर सेन, डीपी साहू सहित अन्य पदाधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर न केवल आर्थिक मदद की, बल्कि परिवार को नैतिक ढांढस भी बंधाया।

## कलाम गार्डन में स्थापित हुई भारत रत्न कलाम की प्रतिमा



■ विधायक ने किया डॉ कलाम की प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम गार्डन में क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर ने भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान पूरा परिसर मिसाइल मैन के जयघोष से गुंजायमान रहा।

इस अवसर पर विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि महादेव की आराधना के इस पावन पर्व पर डॉ. कलाम की स्मृति को नमन करना गौरव का विषय है। उन्होंने युवाओं के सर्वांगीण विकास पर जोर देते हुए संकल्प लिया कि क्षेत्र के विद्यार्थियों को शिक्षा, विज्ञान और राष्ट्रसेवा के मार्ग पर प्रशस्त करने हेतु कार्य निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने डॉ. कलाम के आदर्शों को याद करते हुए कहा कि उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। विशेषकर उनका यह संदेश कि सपने वो नहीं जो सोते समय आते हैं, सपने वो हैं जो हमें सोने न दें। यह नई पीढ़ी के लिए सफलता का मूलमंत्र है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि भानू चंद्राकर, स्थानीय जनप्रतिनिधि व नगरवासी उपस्थित थे।

## जैव विविधता संरक्षण पर दिया जोर

■ आवासीय वन परिसर मोहंदी में बीएमसी को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



आवासीय वन परिसर मोहंदी में उत्तर सिंगपुर परिक्षेत्र अंतर्गत जैव विविधता प्रबंधन समिति (बीएमसी) का एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन अर्थ रिट्रीट फाउंडेशन द्वारा किया गया, जिसमें समिति के अध्यक्षों एवं सदस्यों को स्थानीय जैव विविधता, पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण, सतत उपयोग और प्रलेखन संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

कार्यशाला में बीएमसी के प्राथमिक कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें जन जैव विविधता पंजी (पीबीआर) तैयार करना, जैव विविधता संरक्षण को बढ़ावा देना, संसाधनों तक पहुंच को विनियमित करना, समान लाभ सुनिश्चित करना तथा जैव विविधता विरासत स्थलों का संरक्षण एवं प्रबंधन शामिल है। साथ ही बीएमसी के अधिकारों जैसे स्थानीय जैव विविधता कोष का संचालन, शुल्क, अनुदान व दान की राशि का प्रबंधन तथा एनबीए और एसबीबी को क्षेत्रीय अधिकार अंतर्गत जैविक संसाधनों के उपयोग संबंधी निर्णयों में परामर्श देने की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया।

फाउंडेशन की मास्टर ट्रेनर शेफाली यादव एवं अनुभा द्विवेदी ने सदस्यों को क्या करें और क्या न करें विषय पर भी मार्गदर्शन दिया। उन्होंने नियमित प्रशिक्षण में भाग लेने, वन विभाग के निर्देशों का पालन करने, सामुदायिक निगरानी में सहयोग करने और युवाओं को जागरूक करने पर जोर दिया। वहीं अफवाहों से बचने, अवैध गतिविधियों में शामिल न होने और आपात स्थिति की सूचना तत्काल विभाग को देने की सलाह दी गई।

प्रशिक्षण में मोहंदी परिक्षेत्र अधिकारी पंचराम साहू, डिप्टी रेंजर मुकुन्द राव वाहने, कुलेश्वर कंवर बीएफओ, गौतम निषाद बीएफओ, रोहित तिवारी बीएफओ, टीकेश्वर नेताम बीएफओ, पारसनाथ श्रीमाली बीएफओ, चुरामनलाल पटेल बीएफओ, छाया ध्रुव बीएफओ, प्रियंका बीएफओ समेत वन कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में बीएमसी अध्यक्ष व नागरिक

### करगा स्कूल में चल रहा उपचारात्मक शिक्षण

**जीजामगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करगा में विषय शिक्षकों द्वारा अपने-अपने स्तर पर उपचारात्मक शिक्षण दिया जा रहा है। प्रतिभावान विद्यार्थियों को मेरिट में आने, उत्तर लिखने के तरीके की जानकारी दी जा रही है। शिक्षकों द्वारा अवकाश के दिनों में भी उपचारात्मक शिक्षण दिया जा रहा है। प्राचार्य बालमुकुंद यदु ने बताया कि छात्रों को परीक्षा में अच्छे अंक लाने हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। छात्रों से व्यक्तिगत चर्चा भी की जा रही है। कोई भी समस्या आने पर सीधे विषय शिक्षक से फोन से बात करने नंबर भी दिया गया है, ताकि समस्या का सीधा समाधान हो सके। छात्रों का हर प्रकार का सहयोग करने शिक्षकों को निर्देश दिए गए हैं। शिक्षक पालकों से सीधे संपर्क कर रहे हैं। सुबह पांच बजे सीटी बजाकर भी अध्ययन के लिए उठाए जा रहे हैं। पालकों से प्रतिदिन संपर्क किया जा रहा है। छात्रों को नोट्स देकर महत्वपूर्ण प्रश्नों को हल कराया जा रहा है।

## जिला गोस्वामी समाज ने महाशिवरात्रि पर्व मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

जिला गोस्वामी समाज द्वारा समाज के सैकड़ों वर्ष पुराना शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व मनाया गया। भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना एवं अभिषेक तथा श्रृंगार किया गया। ज्ञातव्य है कि भगवान शिव का मंदिर विंध्यवासिनी मंदिर के पास है जो दो सौ वर्ष पुराना है। यहां पर गोस्वामी समाज के पूर्वजों की 15 समाधि भी है। समाधि स्थल पर बना शिव का मंदिर मनोकामनाएं पूर्ण करता है। इस दौरान गोस्वामी समाज के महंत सुरेंद्रपुरी गोस्वामी, विनोद पुरी गोस्वामी, संरक्षक दामोदरपुरी गोस्वामी, जिला गोस्वामी समाज के अध्यक्ष नीलम बन गोस्वामी ,दिनेश पुरी गोस्वामी, विजयपुरी गोस्वामी, अजय पुरी गोस्वामी, रमनगिरि गोस्वामी, विद्या भूषण, पुरी गोस्वामी, मानेशगिरि, प्रशांत गिरि, आकाश गिरि, रवींद्र पुरी, सीमा गोस्वामी, कुंजलता गोस्वामी, आतिषी ऋषि, अद्वित गोस्वामी सहित समाजजन उपस्थित थे।

## परेवाडीह में श्रीमद् भागवत कथा सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)





ग्राम परेवाडीह में 12 से 18 फरवरी तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथावाचक बाल व्यास भगवताचार्य पंडित सौरभ शर्मा हैं। 12 फरवरी गुरुवार को देव स्थापना, कथा प्रारंभ, गौकरण कथा, परीक्षित जन्म, 13 फरवरी शुक्रवार को सती शिव चरित्र, कपिल अवतार एवं 14 फरवरी शनिवार को जड़ भरत प्रसंग, प्रहलाद चरित्र की कथा सुनाई गई। 15 फरवरी को वामन अवतार, रामकथा हुई। 16 फरवरी सोमवार को कृष्ण जन्म, बाल लीला, 17 फरवरी को रूक्मणि विवाह तथा 18 फरवरी बुधवार को कथा निवदेन, परीक्षित मोक्ष, चढ़ौत्री, हवन एवं प्रसाद वितरण के साथ कथा का समापन होगा। यह जानकारी कोमल साहू ने दी।

शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन भजनों से भक्तिमय हुआ ग्राम गुजरा

## शिवजी की पूजा में कंडे की भस्म और एक लोटा जल ही पर्याप्त : नंदाचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)



ग्राम गुजरा में आयोजित सप्त दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही। कथा स्थल पर भक्ति का अद्भुत वातावरण निर्मित हुआ जब आचार्य जी ने मंत्रमुग्ध कर देने वाला भजन ओम नमः शिवाय प्रस्तुत किया। भजन के पश्चात विधिवत कथा का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में ज्योतिषाचार्य पं. सुनील तिवारी, मदनसिंह ठाकुर, श्रीमती शांतिबाई ध्रुव पूर्व सरपंच, राजेश निषाद, अमरदीप साहू, गोविंद साहू तथा श्रीमती जानकी साहू पूर्व जनपद सदस्य सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

व्यास पीठ पर विराजमान वेदव्यास जी महाराज श्रीश्री नंदाचार्य ने भगवान शिव की पूजा-विधि और रुद्राक्ष के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शिवजी की पूजा में कंडे का भस्म, एक लोटा जल और एक रुद्राक्ष ही पर्याप्त है। रुद्राक्ष की उत्पत्ति शिवजी के हृदय से मानी गई है, इसलिए इसे प्रतिष्ठित कर धारण करना शुभ फलदायी होता है। एक मुखी से लेकर 14 मुखी रुद्राक्ष का शास्त्रों में वर्णन है।

कथा में भैरव पूजा के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। साथ ही स्पष्ट किया कि माताएं भी हनुमान जी की पूजा कर सकती हैं। आचार्यजी ने व्यसन का सख्त विरोध करते हुए सभी से नशा त्यागने का आग्रह किया और शिव भक्ति के माध्यम से सदाचार अपनाने का संदेश दिया।

### निधन

#### श्यामलाल साहू



**कुरुद।** सरोजनी चौक कुरुद निवासी श्यामलाल साहू का निधन हो गया है। वे राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त चित्रकार बसंत साहू, भाजपा मंडल एवं तहसील साहू समाज अध्यक्ष कृष्णकांत साहू के पिता और दुर्गेश साहू, संजय साहू के बड़े भाई थे। उनकी अंतिम यात्रा आज उनके गृहनिवास से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

## अंचल की खबरें

### करगा में हुआ वार्षिक उत्सव और विदाई समारोह



■ बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम ने बांधा समां

**जीजामगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करगा में शाला प्रवेश उत्सव एवं विदाई समारोह का आयोजन गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती सावित्री गणेश्वर साहू सरपंच ने की। विशेष अतिथि अनुराग साहू सदस्य जनपद पंचायत कुरूद, भूपेंद्र साहू अध्यक्ष शाला विकास समिति करगा, चुनेश्वर साहू उपसरपंच, हेमंत साहू सोसायटी अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि एसएमडीसी करगा, नूतन पटेल, सांसद प्रतिनिधि करगा, छबिराम साहू सदस्य, श्रीमती मोहनी साहू अध्यक्ष एमसी मिडिल स्कूल, अजय सिंह थाना प्रभारी चौकी बिरेझर, नारायण लाल साहू, पंडित घनश्याम साहू, डॉ लोकेश साहू और श्रीमती पूजा साहू थीं। मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं को संस्कारवान बनने और भारतीय संस्कृति को अपनाने प्रेरित किया। थाना प्रभारी द्वारा साइबर क्राइम की जानकारी दी गई। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य बालमुकुंद यदु ने आभार व्यक्त किया।

### हवन-पूजन के बाद प्रसाद का वितरण



**सांकरा।** इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के अवसर पर स्कूलपारा सांकरा के शिव मंदिर को सुबह से ही लोगों ने आकर्षक रूप से सजाया था। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामना पूर्ण के लिए आशीर्वाद लिया। राधेधर दीवान के मुखारविंद से हवन पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ तत्पश्चात प्रसाद के रूप में खीर, पूरी, हलवा बांटा गया। मौके पर मुख्य रूप से प्रभा साहू, सुनीता साहू, कौशल्या साहू, ललित साहू, नेहा साहू, खुशबू साहू, चेतना साहू, डाली साहू, गुंजा साहू, उपासना साहू ,प्रियांशी साहू, नम्रता साहू, रवीना देवांगन, आरती देवांगन समेत मोहल्लेवासी उपस्थित थे।

### वार्षिक उत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**जीजामगांव।** सिरिन फेलोशिप पब्लिक स्कूल बिरेझर में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. सुशांत साहू, लक्ष्मी साहू, टिकेश्वरी साहू थे। अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष डॉ. मनोज साहू, सचिव उदय गंगोई कोषाध्यक्ष खेमचंद गंजीर, प्राचार्य योगिता साहू ने की। विशिष्ट अतिथि सरपंच नेहा साहू, लोकेश साहू, बैन, जागेश्वर, पूजा बाई, लीला बाई, चेमन, पन्नालाल, नमिता, गीता, गंगा, मुरली, विष्णुप्रसाद, गंगा, डिम्पल, आशा बाई, दाऊलाल, रूही अंजुम, बिसालिराम, सीताराम, वंदना थे। डॉ. सुशांत साहू ने स्टैमर( हकलाने ) पर जानकारी दी। टिकेश्वरी साहू ने कहा कि बच्चों को पढ़ाने की जिम्मेदारी शिक्षकों की जितनी है, उतनी ही घर में पालकों की भी होनी चाहिए। कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों की शिक्षा के साथ अन्य क्षेत्र में भी रूचि बढ़ती है। मौके पर दुर्गा यादव, चन्द्रलता, लीलेश्वरी कुर्रे, मुकेश्वरी, डिगेश, विनीता, ऐश्वर्या, डामेश्वरी, ज्योति समेत स्कूली बच्चे मौजूद थे।

### कलेक्टर ने किया आर्मी भर्ती प्रशिक्षकों का सम्मान



**बगदेही(धमतरी)।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के आर्मी भर्ती प्रशिक्षकों के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डीजी ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा के संस्थापक एवं व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू को सम्मानित किया गया। गुलशन साहू द्वारा कोर्रा एवं हंचलपुर ग्राउंड में पिछले तीन वर्षों से निःशुल्क आर्मी भर्ती प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। अकादमी में फिजिकल ट्रेनिंग, मेडिकल तैयारी एवं रिटर्न परीक्षा की संपूर्ण तैयारी निःशुल्क कराई जाती है। वर्ष 2024 से अब तक डीजी ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा एवं हंचलपुर ग्राउंड से कई युवाओं का चयन इंडियन आर्मी, पुलिस, अग्निवीर, नगर सैनिक, होमगार्ड, वनरक्षक, इंडियन नेवी, बीएसएफ, सीआरपीएफ एवं सीआईएसएफ जैसे विभिन्न सुरक्षा बलों में हुआ है। युवा वर्ग के लिए किए जा रहे इस उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए कलेक्टर एवं एसडीएम द्वारा गुलशन साहू को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### कन्हारपुरी एवं चोरभट्ठी में वजन त्योहार मना





**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम चोरभट्ठी के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1 और 2 तथा कन्हारपुरी के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 में वजन त्योहार मनाया गया। बच्चों में कुपोषण दर के आकलन और सुपोषण को बढ़ावा देने के लिए वजन त्योहार का आयोजन किया गया। इस दौरान 0 से 6 साल तक के बच्चों का वजन और ऊंचाई मापी गई और कुपोषित बच्चों की पहचान कर उनके पोषण स्तर में सुधार के उपाय बताए गए। कन्हारपुरी में चरमुड़िया की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सुपरवाईजर शामिल हुए। इस अवसर पर सुपरवाईजर मोनिका साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अम्बिका ध्रुव, महेश्वरी साहू, नीतू जोशी, गंगेत्री ध्रुव, सीमा मेश्राम, सहायिका आसीन ध्रुव, ओमेश्वरी साहू, प्रमिला कंवर उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### प्रेमप्रकाश आश्रम में मनाई गई महाशिवरात्रि



**धमतरी।** स्वामी टेऊंराम नगर स्थित श्री प्रेम प्रकाश आश्रम में महाशिवरात्रि पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। आश्रम परिसर में भगवान भोलेनाथ की आकर्षक एवं सजीव झांकी सजाई गई, जिसमें उन्हें कैलाश पर्वत पर विराजमान दर्शाया गया। बर्फ से निर्मित शिवलिंग को भगवान नंदी बाबा के साथ स्थापित किया गया, जिसे सुंदर पुष्पों से सजाया गया था। सुबह 8 बजे आश्रम प्रभारी संत लोकेश कुमार के सानिध्य में महाकाल भगवान शिव एवं आचार्यश्री सद्गुरु स्वामी टेऊंराम जी महाराज के स्वरूप के समक्ष विधि-विधानपूर्वक हवन संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने ओम नमः शिवाय मंत्र की 108 मनकों की माला का तीन बार जाप किया तथा भजनों के साथ महाआरती की।

### शहर ब्लॉक अध्यक्ष ने भक्तों को बांटा प्रसाद



**धमतरी।** सुंदरगंज वार्डवासियों ने महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिवजी की पूजा-अर्चना कर प्रसादी वितरित किया। आयोजन में शहर ब्लॉक अध्यक्ष गौतम वाधवानी उपस्थित हुए। श्री वाधवानी ने शहरवासियों की सुख समृद्धि और ख़ुशहाली के लिए बाबा भोलेनाथ से प्रार्थना की। मौके पर पुष्पा ध्रुव, संतोषी बाई, गिरिजा बाई, हेमिन ध्रुव, राधिका, मीनाक्षी, राजेश, रानी ठाकुर, सौरभ मरकाम, भागवत राम, देवराज, तुषार समेत अनेक वार्डवासी उपस्थित थे।

### सशिमं में मातृ-पितृ पूजन दिवस मना



**धमतरी।** सशिमं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमातालाब में 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि केवल सिंह साहू थे। अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती खेमिन साहू ने की। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ आचार्या किरण होल्कर ने किया। केवलसिंह साहू ने अपने उद्बोधन में माता-पिता की महिमा का बखान करते हुए कहा कि जिन्होंने अपने माता पिता को प्रसन्न किया समझो उन्होंने अपने भगवान को प्रसन्न कर लिया। अभिभावकों का तिलक वंदन कर उन्हें श्रीफल भेंट किया गया।

### रेडक्रॉस सोसाइटी एवं महिला सेवा संस्थान ने किया सहयोग



**धमतरी।** ग्राम पंचायत रांवा निवासी उत्तम साहू की पुत्री के विवाह अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी एवं जय छत्तीसगढ़ महतारी महिला सेवा संस्थान ने सहयोग प्रदान किया गया। इस कार्य में सन्नी छाजेड़, शिवा प्रधान, खिलेश्वर साहू, महेश साहू, पोषण सिन्हा, लिलेश्वर साहू, मोहनी साहू, रितु प्रधान, भारती साहू, शमीना अंजुम, सीमा यदु, मंजू टेमरे, भारती सोनी एवं हिना मरकाम का सहयोग रहा। इस अवसर पर सरपंच ज्ञानिक साहू, जनपद सदस्य देहुति साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

### किसी भी दिवस के नाम पर अभद्रता बर्दाश्त नहीं : ठाकुर



**धमतरी।** हिन्दू जागरण मंच जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। जिला संयोजकपुरुषोत्तम निषाद ने कहा कि 14 फरवरी भारत के इतिहास का काला दिन है, जब 2019 में पुलवामा अटैक में आतंकियों ने 40 से अधिक जवानों को अपना निशाना बनाया था। दीपक सिंह ठाकुर ने कहा कि किसी भी दिवस के नाम पर अभद्रता, अश्लीलता और भारतीय संस्कृति का दोहन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने युवाओं से सार्वजनिक स्थलों पर मर्यादित आचरण रखने और वीर सपूतों की शहादत का सम्मान करने की अपील की। साथ ही कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए कि समाज में जागरूकता फैलाएं तथा प्रेमपूर्वक समझाइश दें, किसी के आत्मसम्मान को ठेस न पहुंचे इसका विशेष ध्यान रखें। बैठक में चित्रेश साहू, ढाकेश्वर साहू, प्रतीक सोनी, अवनीश ठाकुर, जतिन देवांगन, कुणाल, विकास, यतीश, दिग्विजय सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 300 बच्चों ने पी पल्स पोलियो की दवा



**धमतरी।** रामपुर वार्ड में बच्चों को पल्स पोलियो अभियान के तहत दो बूंद पोलियो ड्रॉप्स दिया गया जिसमें वार्ड की मितानिन दीदियों, वार्ड पार्षद प्रकाश सिन्हा, स्टॉफ नर्स मनीषा सिन्हा एवं प्रीति साहू, भारती सोनी, वंदना नामदेव, किरण लता देवांगन का सहयोग रहा। वार्ड के लगभग 300 बच्चों को पल्स पोलियो की दवा दी गई।

ट्रस्ट के सदस्यों ने कर्णेश्वर महादेव का किया रुद्राभिषेक

# महाशिवरात्रि पर कर्णेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



महाशिवरात्रि पर रविवार को श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। बेलपत्र, शमी पत्र, धतूरा, फूल नारियल आदि पूजन सामग्री समर्पित कर जलाभिषेक किया।ऐतिहासिक कर्णेश्वर धाम प्रातः काल से ही शिव मय रहा। हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा परिसर गूंजता रहा। मन्दिर के सामने नारियल, धतूरा के फल फूल, अगरबत्ती, बेलपत्रों की दुकानें सजी रही। परम्परानुसार श्रद्धालुओं ने महानदी व बालका के संगम में डुबकी लगाकर कर्णेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना की।

महाशिवरात्रि पर ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंग का धरती पर प्रकाट्य हुआ था और भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह उत्सव के रूप में मनाने की परम्परा है। ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने बताया कि ऐतिहासिक कर्णेश्वर धाम में छत्तीसगढ़ की जीवन दायिनी महानदी व बालका, अदृश्य स्वर्ण नदी के पवित्र त्रिवेणी संगम में प्रकृति और परमात्मा का अदभुत मिलन होता है। महाशिवरात्रि पर त्रिनेत्रधारी भगवान शिव की आराधना में डूबे श्रद्धालुओं का उत्साह और भक्तिभाव देखते ही बनता है। ट्रस्ट ने शाम को विधि विधान से पूजा अर्चना बेल पत्र, धतूरा के फूल व फल, शमी, गंगा जल, दूध, दही,चंदन, कनेर के पुष्प सहित शिवजी के प्रिय सामग्रियों से कर महारुद्राभिषेक किया। नवनीत मानस परिवार राजनांदगांव व जय हिंद मानस परिवार सांकरा द्वारा दोपहर से देर रात तक मधुर भजनों से शिव महिमा का गुणगान किया। पुजारी विनोद पुरी गोस्वामी महाशिवरात्रि की महिमा बताते हुए कहा कि फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को भगवान शिव अपने अनादि अनंत शिवलिंग स्वरूप में प्रकट हुए थे। इसी कारण यह रात्रि महाशिवरात्रि कहलाती है।

इस दौरान ट्रस्ट के संरक्षक कैलाश पवार, उपाध्यक्ष रवि ठाकुर, रवि दुबे, सचिव भरत निर्मलकर, कोषाध्यक्ष निकेश ठाकुर, सह सचिव राम भरोसा साहू, मोहन पुजारी, वरिष्ठ ट्रस्टी प्रकाश बैस, नागेंद्र शुक्ला, आनंद अवस्थी, योगेश साहू, छबि ठाकुर, बबलू गुप्ता, दुर्गेश साहू, ईश्वर जांगड़े, डोमार मिश्रा, महेंद्र कौशल, रवि भट्ट, हनी कशयप, अनिरुद्ध साहू, गगन नाहटा, अश्विनी निषाद, होरी लाल पटेल, ललित निर्मलकर, संतु साहू मिलेश साहू, प्रमेश निषाद, गौतम चंद्र साहू, टेश्वर ध्रुव, भूपेंद्र साहू, कुलेश साहू की उपस्थिति रही।

## खरेंगा विद्युत उपकेंद्र में 5 एमवीए का पावर ट्रांसफार्मर स्थापित



- 5 गांवों के 2500 से अधिक उपभोक्ता होंगे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

धमतरी संभाग के छाती वितरण केंद्र के अंतर्गत ग्राम खरेंगा में स्थित 33/11 केवी विद्युत उपेंद्र के 3.15 एमवीए ट्रांसफार्मर को एमएमवीएवीवाय स्कीम 076 अंतर्गत 22 फरवरी को क्षमतावर्धन कर 5 एमवीए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर की स्थापना कर सफलतापूर्वक चार्ज किया गया।

धमतरी संभाग के कार्यपालन अभियंता अनिल प्रसाद सोनी ने बताया कि खरेंगा उप केंद्र में पावर ट्रांसफार्मर की स्थापना से ग्राम खरेंगा, नवागांव- कंडेल, सारंगपुरी, देवपुर एवं डीटी नवागांव के कुल 848 कृषि पंप सहित 2500 से अधिक उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली प्राप्त होगी। पावर ट्रांसफार्मर की स्थापना अतुल तिवारी कार्यपालन अभियंता परियोजना संभाग के मार्गदर्शन एवं रुपेश जोशी सहायक अभियंता परियोजना, वामन कुमार साहू सहायक अभियंता अर्जुनी उपसंभाग, तुषार सिन्हा, सहायक अभियंता एसटीएम उपसंभाग एवं सुश्री वैशाली गुप्ता कनिष्ठ अभियंता छाती वितरण केंद्र, दसलाल मरकाम, तकनीकी वितरण, गौकरण ठाकुर लाइनमेन एवं संदीप मेश्राम की उपस्थिति में हुई। इससे खरेंगा क्षेत्र के उपभोक्ताओं में हर्ष है। श्री सोनी ने उपभोक्ताओं से आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए मितव्यता के साथ विद्युत का उपयोग करने का अनुरोध किया।

## डीपीआई ऋतुराज से छग टीचर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल मिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने संचालक लोक शिक्षण (डीपीआई) ऋतुराज रघुवंशी से मुलाकात कर शिक्षक (एल.बी.) संवर्ग से जुड़ी लंबित मांगों पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने सहायक संचालक अशोक नारायण बंजारा एवं एच.सी. दिलावर से भी भेंटकर ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष डॉ. भूषण लाल चंद्राकर ने बताया कि प्रदेशभर में लगभग 30 हजार सहायक शिक्षक पदोन्नति एवं क्रमोन्नति से वंचित हैं। संगठन ने मांग की कि पदोन्नति में पूर्व में दिए गए वन टाइम रिलैक्सेशन की तर्ज पर क्रमोन्नति/0 समयमान के लिए निर्धारित 10 वर्ष की सेवा अवधि को एक बार शिथिल करते हुए 5 वर्ष किया जाए। साथ ही प्राचार्य, व्याख्याता (टी एवं ई संवर्ग), प्रधानपाठक (पूर्व माध्यमिक, प्राथमिक) तथा शिक्षक पदोन्नति की लंबित प्रक्रियाओं को शीघ्र पूर्ण करने की मांग रखी गई।

डीपीआई रघुवंशी ने आश्वस्त किया कि प्राचार्य पदोन्नति की प्रक्रिया शासन स्तर पर जारी है और शीघ्र पूर्ण होगी। व्याख्याता टी संवर्ग की पदोन्नति हेतु काउंसिलिंग भी जल्द आयोजित की जाएगी। व्याख्याता ई संवर्ग एवं प्रधान पाठक पदोन्नति में न्यायालयीन बाधाओं के निराकरण पर भी सकारात्मक चर्चा हुई।

पेंशन संबंधी विषय पर एसोसिएशन ने उच्च न्यायालय के निर्णयों का हवाला देते हुए पूर्व सेवा को पेंशन निर्धारण में शामिल करने की नीति बनाने की मांग की। साथ ही 33 वर्ष के स्थान पर 20 वर्ष अर्हकारी सेवा पर 50 प्रतिशत पेंशन तथा न्यूनतम 5 वर्ष सेवा पर पेंशन का प्रावधान लागू करने की मांग उठाई गई। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश एवं विभिन्न जिलों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## ननि में एसबीआई सैलरी अकाउंट योजना पर हुआ सेमिनार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा प्रारंभ की गई विशेष सैलरी अकाउंट योजना के संबंध में नगर पालिक निगम में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को एसबीआई सैलरी पैकेज अंतर्गत मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी प्रदान करना था।

सेमिनार में बैंक के शाखा प्रबंधक एवं प्रतिनिधियों ने योजना की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस सैलरी अकाउंट के अंतर्गत कर्मचारियों को शून्य बैलेंस पर खाता खोलने की सुविधा, एटीएम एवं डेबिट कार्ड, दुर्घटना बीमा कवर, आकर्षक ओवरड्राफ्ट सुविधा, सरल एवं त्वरित ऋण प्रक्रिया तथा अत्याधुनिक डिजिटल बैंकिंग सेवाओं का लाभ प्राप्त होगा। इसके साथ ही नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग एवं सुरक्षित ऑनलाइन लेनदेन प्रणाली की जानकारी भी दी गई।

इस अवसर पर महापौर जगदीश रामू रोहरा ने कहा कि यह योजना कर्मचारियों के आर्थिक सशक्तिकरण एवं वित्तीय सुरक्षा की दिशा में एक सशक्त कदम है। उन्होंने कहा कि आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं से जुड़कर कर्मचारी न केवल अपनी बचत और निवेश को बेहतर बना सकते हैं, बल्कि आपात स्थितियों में भी आर्थिक रूप से सुरक्षित रह सकते हैं। बैंक प्रतिनिधियों ने आवश्यक दस्तावेजों के साथ शीघ्र खाता खोलने की प्रक्रिया पूर्ण करने का अनुरोध किया।

## विधायक की पहल पर तीन गांवों में 45 लाख से बनेगा भव्य गार्डन

- पर्यावरण वानिकी योजना के तहत मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

कुरुद विधायक अजय चंद्राकर की सक्रियता और क्षेत्र के विकास के प्रति



उनकी प्रतिबद्धता एक बार फिर रंग लाई है। उनकी विशेष पहल और अनुशंसा पर शासन ने धमतरी वनमंडल के अंतर्गत ईको-पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 45 लाख रुपये के बजट आवंटन को मंजूरी दे दी है। इस राशि से क्षेत्र के तीन प्रमुख गांवों में भव्य उद्यानों (गार्डन) का निर्माण किया जाएगा।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पर्यावरण वानिकी योजना' अंतर्गत यह बजट स्वीकृत किया गया है। विधायक अजय चंद्राकर क्षेत्र में पर्यटन स्थलों के विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रयासरत थे। उनके द्वारा भेजे गए प्रस्तावों के आधार पर ही विभाग ने धमतरी और उत्तर सिंगपुर परिक्षेत्र के लिए यह महत्वपूर्ण बजट जारी किया है। क्षेत्र के विकास में विधायक के इस प्रयास की सराहना करते हुए ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जिला पंचायत सभापति पूजा सिन्हा, कुलेश्वरी सुनील गायकवाड़, जनपद अध्यक्ष कुरुद गीतेश्वरी साहू, जनपद अध्यक्ष मगरलोड वीरेंद्र साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष टिकेश साहू ने अजय चंद्राकर के प्रति आभार जताते हुए कहा कि गार्डन निर्माण से न केवल बच्चों के लिए खेलकूद का स्थान बनेगा, बल्कि बुजुर्गों के टहलने और ईको-पर्यटन की दृष्टि से भी ये गांव जिले के नक्शे पर उभरेंगे।

### इन गांवों का होगा कायाकल्प मिलेंगे रोजगार

स्वीकृत योजना के अनुसार धमतरी वनमंडल के तीन अलग-अलग स्थलों पर 15-15 लाख रुपये की लागत से उद्यानों का निर्माण किया जाएगा। जिसमें ग्राम परखंदा, ग्राम सेमरा बी एवं ग्राम मेघा (उत्तर सिंगपुर) शामिल हैं। इस परियोजना की खास बात यह है कि कुल 45 लाख रुपये के बजट में से 27 लाख रुपये केवल मजदूरी (लेबर) के लिए आरक्षित किए गए हैं। इससे स्थानीय ग्रामीणों को उनके ही गांव में सीधे तौर पर रोजगार मिलेगा। शेष 18 लाख रुपये सामग्री और अन्य आपूर्तियों पर खर्च किए जाएंगे।

## छिपली में कचरे का अंबार, जिम्मेदार बेखबर

- पंचायत भवन में खड़ा है कचरा संग्रहण रिक्शा, स्वच्छता अभियान का पालन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



ग्राम छिपली में स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह चरमराती नजर आ रही है। गांव के मुख्य चौक-चौराहों पर बने कचरा संग्रहण केंद्र अपनी बदहाली बयां कर रहे हैं। कई स्थानों पर कचरा संग्रहण केंद्र टूट-फूट की स्थिति में हैं, जिसके कारण लोग मजबूरी में कचरा डाल रहे हैं वहीं कचरा हवा से आसपास फैलता दिखाई दे रहा है। परिणामस्वरूप गांव के विभिन्न मोहल्लों में कचरे के ढेर लगे हुए हैं। नियमित साफ-सफाई नहीं होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्राम पंचायत छिपली में शासन-प्रशासन द्वारा स्वच्छता बनाए रखने के उद्देश्य से कचरा संग्रहण केंद्र का निर्माण कराया गया था तथा घर-घर से कचरा एकत्रित करने के लिए रिक्शा एवं कचरा गाड़ी भी उपलब्ध कराई गई थी। लेकिन वर्तमान में कचरा गाड़ी पंचायत परिसर में खड़ी है और घरों से नियमित कचरा संग्रहण नहीं हो पा रहा है। इससे गांव में गंदगी की स्थिति दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि मुख्य चौक सहित कई स्थानों पर खुले में कचरा डाला जा रहा है। स्कूल के सामने भी कचरे का ढेर लगा हुआ है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बनी हुई है। जगह-जगह सड़ते कचरे से दुर्गंध फैल रही है और वातावरण प्रदूषित हो रहा है। वहीं बारिश के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती है, जिससे मच्छर-मक्खियों का प्रकोप बढ़ रहा है और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है।

ग्रामीणों ने संबंधित विभाग एवं पंचायत प्रशासन से मांग की है कि तत्काल साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की जाए, टूटे हुए कचरा संग्रहण केंद्रों की मरम्मत कराई जाए तथा कचरा गाड़ी को नियमित रूप से संचालित कर घर-घर से कचरा संग्रहण सुनिश्चित किया जाए, ताकि गांव में स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण कायम रह सके।

इस संबंध में सरपंच लिकेश्वरी पोटाई से पंचायत में एवं दूरभाष से संपर्क करने का प्रयास किया गया मगर उसके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

## डांडेसरा की आंगनबाड़ी में बच्चों का वजन मापा गया

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम डांडेसरा के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1, 2 एवं 3 में बच्चों का वजन त्योहार मनाया गया। बच्चों की आयु के अनुसार वजन एवं ऊंचाई मापी गई तथा उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी अभिभावकों को दी गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बच्चों के वजन चार्ट के माध्यम से यह समझाया कि सही उम्र में उचित वजन होना उनके शारीरिक व मानसिक विकास के लिए कितना आवश्यक है। सरपंच खुमेश्वरी साहू ने बताया कि शासन के दिशा-निर्देशानुसार समय-समय पर वजन त्योहार का आयोजन किया जाता है ताकि बच्चों के पोषण स्तर की नियमित निगरानी हो सके। इस तरह के आयोजन से कुपोषण की समय रहते पहचान होती है और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा सकते हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अभिभावकों को बच्चों के लिए पौष्टिक व संतुलित आहार देने की सलाह दी।

## प्रत्येक नागरिक को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा



- अकलाडोंगरी पीएचसी में हुई जीवनदीप समिति की बैठक
- स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम अकलाडोंगरी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जीवन दीप समिति की बैठक जनपद पंचायत अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं, दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई, प्रसूति सेवाओं तथा मरीजों को प्रदान की जा रही सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधा मिलनी चाहिए।

बैठक के उपरांत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान ओपीडी कक्ष, प्रसव कक्ष, वार्ड, दवा वितरण केंद्र एवं परिसर की स्वच्छता का जायजा लिया गया। आवश्यक दवाओं की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जनपद सदस्य उर्वशी ध्रुव, जनपद सदस्य जयंत नेताम, गगरेल मंडल महामंत्री चंद्रहास जैन, अहमद अली, बेद बाई सरपंच, डॉ एजे खान बीएमओ श्वेता परमार बीपीएम, डॉ अजय नायक एमओ, पुष्पेंद्र कुमार आरएमए, जीवन दीप समिति के सदस्य, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## रजिस्ट्रारों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) 27 जनवरी 2026 को प्रकाशित अधिसूचना द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2026 प्रकाशन दिनांक से प्रवृत्त है। जिला रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु एवं उप संचालक जिला योजना एवं सांख्यिकी ने बताया कि छग राज्य जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2026 में किए गए संशोधनों जैसे शुल्क संरचना में परिवर्तन कर सभी मदों में न्यूनतम 10 गुना वृद्धि की गई है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2026 में किए गए संशोधनों तथा ऑनलाइन पंजीयन संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए सभी विकासखण्डों में ग्रामीण, नगरीय एवं संस्थागत पंजीयन इकाईयों के रजिस्ट्रारों (जन्म-मृत्यु) को 26 फरवरी तक प्रशिक्षण दिया जायेगा।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी को राष्ट्रीय सम्मान

**रायपुर।** एनटीपीसी द्वारा रायपुर में आयोजित इंडियन पॉवर स्टेशन ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस कॉन्फ्रेंस के दौरान छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी को राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जनरेशन कंपनी के अंतर्गत संचालित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत केंद्र,(डीएसपीएम) कोरबा पूर्व को वर्ष 2024-25 के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला विद्युत केंद्र सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार ने ग्रहण किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विद्युत कंपनियों के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### उर्वरकों की कीमत बढ़ाना किसान विरोधी निर्णय : बैज

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने खेती में उपयोग किये जाने वाले जरूरी उर्वरको एनपीके और पोटाश की कीमतें बढ़ाये जाने के केन्द्र के निर्णय का विरोध किया है। एनपीके की कीमत 1,720 रुपए प्रति बोरी से बढ़ाकर 1,900 रुपए और पोटाश की कीमत 1,500 से बढ़ाकर 1,800 रुपए प्रति बोरी कर दिया गया है। एनपीके की कीमत पिछले दो सालों में 430 रुपए प्रति बोरी बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार की दुर्भावना के चलते किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है और खेती करना दिन-ब-दिन मुश्किल होता जा रहा है। किसान विरोधी यह सरकार हर बजट में खाद सब्सिडी घटा रही है, जिसका सीधा असर कृषि लागत में दिख रहा है। भाजपा की सरकार किसानों के हितों पर कुठाराघात कर रही है।

### पं. श्यामाचरण शुक्ल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री पंडित श्यामा चरण शुक्ला की पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस भवन में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने उनके योगदान को स्मरण करते हुए कहा, उन्होंने अपने सादे जीवन, सिद्धांतों और जनसेवा के माध्यम से प्रदेश की राजनीति को नई दिशा दी। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने उनके आदर्शों पर चलने तथा सामाजिक न्याय, समानता और जनकल्याण के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया।

### पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि

**रायपुर।** पुलवामा में आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मोमबत्तियाँ जलाकर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

मंदिरों में उमड़ा भक्तों का सैलाब, घाटों पर लगाई आस्था की डुबकी

# महाशिवरात्रि पर शहर हुआ शिवमय, जलाभिषेक के लिए लंबी कतार






हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार को पूरा शहर शिवमय हो उठा। ब्रह्ममुहूर्त से ही विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। हर-हर महादेव और बोल बम के गगनभेदी जयघोष, शंखनाद और डमरू की ध्वनि से वातावरण भक्तिरस में डूब गया। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

रिसाईपारा स्थित श्री नागेश्वर महादेव मंदिर तथा मकई तालाब के समीप प्राचीन श्री मकेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालु गंगाजल, दूध, बेलपत्र, धतूरा, नारियल और फल-फूल लेकर अभिषेक के लिए पहुंचे। मंदिर परिसरों को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सुसज्जित किया गया था। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में विशेष पूजन किया, वहीं युवाओं ने व्यवस्था संभालने में सक्रिय भूमिका निभाई।

इतवारी बाजार स्थित श्री बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। मंदिर समिति द्वारा सुव्यवस्थित दर्शन व्यवस्था की गई थी। रुद्री महानदी तट स्थित श्री रुद्रेश्वर महादेव मंदिर में तड़के चार बजे से ही भक्त पहुंचने लगे थे। श्रद्धालुओं ने महानदी में आस्था की डुबकी लगाकर जल अर्पित किया। घाटों पर सुरक्षा और सुविधा के विशेष इंतजाम किए गए थे।

ओनाकोना के त्रयंबकेश्वर महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान अंतर्गत विशेष पूजा, महाभिषेक और महाआरती संपन्न हुई। बनियापारा स्थित महाकालेश्वर मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने पंचामृत अर्पित कर पूजा-अर्चना की।

शहर के विभिन्न मोहल्लों में अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की गई और रुद्र पाठ का आयोजन हुआ। जगह-जगह भंडारे आयोजित किए गए, जहां श्रद्धालुओं को खिचड़ी, पूड़ी-सब्जी, हलवा और फलाहार प्रसाद वितरित किया गया। शाम को बूढ़ेश्वर मंदिर परिसर में भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें भजन गायक ओके सिन्हा और प्रियांशी तिवारी ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे दिन शहर में आस्था, उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। महाशिवरात्रि पर धमतरी ने एक बार फिर धार्मिक एकता और श्रद्धा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

## महाशिवरात्रि पर धूमधाम से हुआ शिव पार्वती विवाह



- सत्संग भवन परिसर गोकुलपुर में आयोजित शिवपुराण कथा का समापन आज
- माता के दूध में पावर है : शरण

महाशिवरात्रि के अवसर पर गोकुलेश्वर महादेव परिवार द्वारा सत्संग भवन परिसर गोकुलपुर में आयोजित महाशिवरात्रि महोत्सव में शिवजी की बारात निकाली गई और धूमधाम से विवाह संपन्न कराया गया। इस मौके पर संत कामताप्रसाद शरण ने मां के दूध को संतान के लिए जीवनदायिनी बताया। पांच दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव एवं श्री शिवपुराण कथा में कथावाचक संत कामता प्रसाद शरण ने महाशिवरात्रि के मौके पर शिव पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया और कहा कि शिवजी का यह विवाह लोक कल्याण के लिए हुआ है। उन्होंने कहा कि महादेव सबके कल्याण के लिए हैं। संत ने आगे कहा कि माता के दूध में बहुत पावर होता है इसलिए प्रत्येक मां का दायित्व है कि वह अपने बच्चों को स्तनपान कराएं। ऐसे बच्चे बुद्धि, मन और शरीर से काफी तंदुरुस्त होते हैं। शिक्षित होते हुए भी अपने बच्चों को इससे वंचित कर रहे हैं। यह विनाशकारी है। संत ने कहा कि समुद्र मंथन के दौरान जब शिवजी ने हलाहल का विषपान किया था तब मां जगतजननी ने मां तारा का रूप लेकर शिवजी को शिशु रूप में स्तनपान कराया था और इससे जहर का प्रभाव समाप्त हो गया। उन्होंने जातिवाद में बंटे लोगों को एक रहने की नसीहत दी और कहा कि जब-जब हिंदू जात-पात में बंटा है, सनातन का विघटन हुआ है। सभी एक होकर धर्म ध्वजा लहराएं। संत कामता प्रसाद शरण ने गीत संगीत के साथ शिव पार्वती विवाह का बड़ा ही रोचक प्रसंग सुनाया और विभिन्न सामाजिक बुराइयों के साथ ही लोगों को उनके दायित्व निर्वहन के लिए प्रेरित किया। कथा का समापन आज16 फरवरी को होगा। दोपहर को महाप्रसादी का आयोजन रखा गया है।

## जोगीडीह में पहली बार हुई श्री रामचरित मानस कथा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम जोगीडीह में पहली बार श्रीराम चरित मानस कथा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना डीपेंद्र साहू शामिल हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना के साथ हुआ।

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि दिग्विजय सिंह कृदत्त, धर्मराज सिन्हा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। रंजना साहू ने धर्म मंच को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्रीरामचरित मानस हमें जीवन में संयम, सेवा और परोपकार का मार्ग दिखाता है। जब समाज धर्म, संस्कार और सदाचार के मूल्यों को अपनाता है, तब ही सच्चे अर्थों में धार्मिक आयोजन की सार्थकता सिद्ध होती हैं। जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव ने कहा कि आस्था से जुड़े आयोजन समाज में सकारात्मक सोच और सहयोग की भावना को बढ़ाते है।

दिग्विजय सिंह कृदत्त ने कहा कि ग्रामीण अंचल में इस प्रकार का धार्मिक आयोजन हमारी परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने का महत्वपूर्ण माध्यम है। मौके पर अनीता ध्रुव, शैलेंद्र साहू, शिवराम नेताम, विक्रम ओटी, घनश्याम ध्रुव, अरविंद नेताम, योगेंद्र साहू, भारत मरकाम, मुकेश साहू, रेवत लाल साहू, नंदकिशोर सेन, विशेष नेताम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## 13 वार्डों में होंगे 84 लाख के विकास कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

महापौर रामू रोहरा ने शहर के 13 वार्डों में सड़क एवं नाली निर्माण के लिए 83.16 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। यह स्वीकृति मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव के आशीर्वाद से दी गई है।

नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में सीसी रोड और आरसीसी नाली निर्माण कार्य कराए जाएंगे, जिससे जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी और आवागमन सुगम होगा। स्वामी विवेकानंद, महंत घासीदास, विंध्यवासिनी, बनियापारा, सोरिद, लालबगीचा, जालमपुर, बांसपारा, पोस्ट ऑफिस और आमापारा सहित अन्य वार्डों में अलग-अलग कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

महापौर श्री रोहरा ने कहा कि 15 फरवरी 2025 को मिली ऐतिहासिक जीत जनता के विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी कार्य गुणवत्ता और समय-सीमा में पूर्ण होंगे। मंदिर परिसरों के आसपास सफाई, सड़क, नाली और प्रकाश व्यवस्था के कार्य भी शामिल किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास और सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है तथा शहर को स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने के लिए विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

## गिरौदपुरी धाम मेला के लिए पैदलयात्री रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ के प्रमुख आस्था केंद्र गिरौदपुरी धाम में आयोजित होने वाले वार्षिक मेले के लिए धमतरी से श्रद्धालु पैदल यात्रियों को पूजा-अर्चना के साथ रवाना किया गया। दानीटोला स्थित जैतखाम में धार्मिक अनुष्ठान कर यात्रियों की सुरक्षित और मंगलमय यात्रा की कामना की गई। गिरौदपुरी धाम मेला 22 से 24 फरवरी तक आयोजित होगा, जहां प्रदेश सहित आसपास के राज्यों से हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। मेले में धार्मिक आयोजन, सतनाम वाणी, सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ श्रद्धालुओं द्वारा गुरु घासीदास बाबा के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त किए जाते हैं। यह मेला सतनामी समाज की आस्था, एकता और सामाजिक समरसता का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर प्रदेश युवा प्रमुख सतनामी समाज कोमल संभाकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि गिरौदपुरी धाम की यात्रा केवल धार्मिक आस्था ही नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और नई पीढ़ी को अपनी परंपरा से जोड़ने का भी माध्यम है। पैदल यात्रियों की रवानगी के दौरान अजय डहरिया सहित आदि सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रशांत ने जीता छत्तीसगढ़ कुमार का खिताब



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शीतल अखाड़ा टिकरापारा रायपुर द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पुरुष माहिला कुश्ती प्रतियोगिता रायपुर के शीतल मंदिर परिसर टिकरापारा में आयोजित हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रायपुर बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, महापौर रायपुर श्रीमती मीनल चौबे, उस्ताद अशोक यादव, नंदू यादव, बाबू लाल साहू एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने हनुमान के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर प्रतियोगिता प्रारंभ किया। छत्तीसगढ़ कुमार का खिताब 38 किलोग्राम में धमतरी के पहलवान प्रशांत भोयर ने फाइनल में रायपुर के पहलवान उज्जवल यादव को हराकर अपने नाम किया। कोच नुमेश यादव एवं अन्य बालक बालिका पहलवानों ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया। उनका प्रदर्शन संतोषजनक रहा। जय बंजरग अखाड़ा गोकुलपुर के उस्ताद भगवान सिंह यादव, राजकुमार, अंकालु, कृष्ण साहू, मेघराज यदु, रामकुमार साहू, तुलसी, हरीश, लोकेश नेताम, लल्ला यदु, सूरज छाटा, वरिष्ठ खेल शिक्षक एआर थिटे, कोच विजय कुमार यादव, वार्ड पार्षद गजेन्द्र कंवर ने पहलवानों के उज्वल भविष्य की कामना की।

## आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के पोषण स्तर की हुई जांच



**धमतरी।** ग्राम जवरगांव के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 एवं आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता को ध्यान में रखते हुए वजन त्योहार मनाया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान शून्य से छह वर्ष तक के बच्चों का वजन लेकर उनके पोषण स्तर की जांच की गई और बच्चों के स्वास्थ्य, संतुलित आहार एवं स्वच्छता के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई।

जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव ने कहा कि वजन त्योहार का उद्देश्य बच्चों में कुपोषण की समय पर पहचान कर उन्हें उचित पोषण एवं उपचार उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में जवरगांव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती दुलेश्वरी साहू, हेमलता साहू, सहयोगी कार्यकर्ता मुन्नी बाई, संगीता उइके, निर्मला ध्रुव, युगलकिशोरी निषाद, ए. निर्मलकर नर्स, आंगनबाड़ी सहायिका एवं मातृ समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## भट्टाचार्य को ब्राम्हण समाज ने दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सर्व ब्राम्हण समाज, ब्राम्हण अंतरराष्ट्रीय संगठन, विप्र विद्वत परिषद् एवं ब्राम्हण समाज धमतरी ने वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार रंजीत भट्टाचार्य के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

ब्राम्हण अंतरराष्ट्रीय संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जानकी प्रसाद शर्मा ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि रंजीत भट्टाचार्य केवल एक पत्रकार नहीं थे। वे शब्दों के सच्चे साधक थे। उन्होंने पत्रकारिता की लम्बी पारी में अपनी अलग पहचान गढ़ी।

सर्व ब्राम्हण समाज के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद श्रोती ने कहा कि भट्टाचार्य खबर को सिर्फ सूचना नहीं बनने देते थे। उसे समाज के आईने में ढाल देते थे। वरिष्ठ भूपेंद्र मिश्रा ने कहा कि वे युवा पत्रकारों को प्रोत्साहित करते थे। विप्र विद्वत परिषद् के संतोष तिवारी, होमन शास्त्री एवं अशोक शास्त्री ने कहा कि साहित्य का फिर एक सितारा डूब गया, पत्रकारिता के साथ साहित्य के क्षेत्र में भी उन्होंने उल्लेखनीय योगदान दिया।

सनत शर्मा, गोपाल शर्मा, बेनी प्रसाद तिवारी, प्रभु शर्मा, गिरीश चौबे, शत्रुघन पांडे, अजय त्रिपाठी, राजेन्द्र पांडे, शिव शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, चंद्रशेखर चौबे, घनश्याम प्रसाद द्विवेदी, मुकेश शर्मा, प्रकाश शर्मा, रवि दाते, लक्ष्मण चन्द्र शेखर शर्मा, लक्ष्मणधर दीवान, महेश शास्त्री, अयोध्या प्रसाद पांडे, दीप शर्मा, देवेन्द्र मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, अवधेश पाण्डे, कमलेश पांडे, मुकेश पांडे समेत अनेक समाजजनों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## प्रीतपाल बीजेपी आईटी सेल का प्रदेश सदस्य नियुक्त



**धमतरी।** प्रीतपाल सिंह छाबड़ा को छत्तीसगढ़ बीजेपी आईटी सेल में प्रदेश सदस्य नियुक्त किया गया है। वे पूर्व में प्रदेश आर्थिक प्रकोष्ठ के सदस्य, आर्थिक प्रकोष्ठ के बालोद जिला प्रभारी और अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री जैसे अन्य महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। उनकी नियुक्ति पर अनेक लोगों ने हर्ष जताया है।







## मनुराज-उपासना की प्रस्तुति ने मोहा मन

- सूरजकुंड शिल्प एवं कला महोत्सव में छग की कला ने राष्ट्रीय मंच पर बनाई पहचान



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प एवं कला महोत्सव 2026 में इस वर्ष छत्तीसगढ़ की कला ने राष्ट्रीय मंच पर अलग पहचान बनाई। 31 जनवरी से 15 फरवरी तक आयोजित इस विश्वप्रसिद्ध महोत्सव में 28 देशों के कलाकारों के बीच धमतरी के तबलावादक पंडित मनुराज पचौरी और कथक नृत्यांगना उपासना भास्कर ने संयुक्त प्रस्तुति देकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। दोनों इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुति देने वाले छत्तीसगढ़ के पहले कलाकार बने।

तबला और कथक की जुगलबंदी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मनुराज पचौरी की जटिल लयकारी और दमदार तालों ने सभागार में रोमांच भर दिया, वहीं उपासना भास्कर की तीव्र पद संचालन, भाव-भंगिमा और नज़ाकत से सजी प्रस्तुति ने शास्त्रीय नृत्य की गरिमा को नई ऊंचाई दी। ताल और लय के अद्भुत समन्वय पर दर्शकों ने लगातार तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। कार्यक्रम को और भव्य बनाने में अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त गायक पंडित सुरेश दुबे की अहम भूमिका रही। लगभग 58 देशों में अपनी प्रस्तुति दे चुके श्री दुबे ने भजन और ठुमरी गायन से मंच की गरिमा बढ़ा दी।

कला जगत के जानकारों के अनुसार इस स्तर के अंतरराष्ट्रीय आयोजन में पहली बार छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व होना ऐतिहासिक उपलब्धि है। कलाकारों की इस सफलता के पीछे युवा भाजपा नेता एवं उच्च न्यायालय के अधिवक्ता राहुल चोपड़ा का विशेष सहयोग बताया गया। इस उपलब्धि पर पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा, हर्षद मेहता, मदनमोहन खंडेलवाल, पीव्ही पराडकर, महापौर रामू रोहरा और अन्य गणमान्य नागरिकों ने हर्ष जताया है।

## जोरातराई में मनाया गया वजन तिहार

**अंवरी।** ग्राम जोरातराई में आंगनबाड़ी केंद्र के तत्वावधान में वजन तिहार का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के तहत 0 से 6 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं की ऊंचाई एवं वजन का मापन किया गया। गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं का भी वजन कर उनके स्वास्थ्य की जांच की गई। इस अवसर पर पूर्व जनपद सभापति श्रीमती परमेश्वरी साहू विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने छोटे-छोटे बाल गोपालों का वजन कर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया तथा बच्चों के समुचित पोषण और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठ नागरिक केजू राम साहू, चुरामन साहू, नंदकुमार साहू, आरएचओ श्रीमती सीमा पटेल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेमा वैष्णव, सुखवती साहू, पद्मिनी साहू, जागेश्वरी बंदे, कनक, दुलारी पटेल, ईश्वरी तारक, सुलोचनी साहू, उमा तारक सहायिका, सत्यभामा निषाद, गीतांजलि साहू, नीलम साहू, कुंती तारक, रामेश्वरी निषाद, नंदनी साहू सहित गांव की महिलाओं ने सहभागिता निभाई। लगभग 25 बच्चों की उपस्थिति में आयोजित वजन तिहार को ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक मनाया और बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

